बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की बैठक

शहर में चलाई जाएगी इलेक्ट्रिक सिटी बस

नवभारत, कटनी। परिवहन कंपनी दीनदयाल सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की 19 वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में बताया गया क्लस्टर क्रमांक ए में कटनी से निवार मार्ग पर दो सिटी बसों का संचालन शुरू किया गया है। जिसमें बसों को कटनी से निवार मार्ग पर व्हाया जगन्नाथ चौक, मिशन चौक, कटाए घाट, माधव नगर, उप कार्यालय अमीरगंज मानसरोवर कॉलोनी, माधव नगर रेलवे स्टेशन और मुड़वारा रेलवे स्टेशन तक चालू किया गया। बैठक में बताया गया कि 4 इलेक्ट्रिक अंतरशहरीय बस संचालन के लिए 18 सितंबर 2025 को अनुबंध किया गया है। जिसके लिए झिंझरी बस स्टैण्ड में स्थान आरक्षित करने का निर्णय लिया गया है। इलेक्ट्रिक चार्जिंग अधोसंरचना डिपो के लिए 1 हेक्टेयर जमीन आवंटन के लिए नजूल निवर्तन नियम के अनुसार कार्रवाई करने के प्रस्ताव पारित किया गया । अर्बन ट्रांसपोर्ट अंतर्गत शहर के लिए विभिन्न श्रेणियों में कमप्रेसिव मोबेलिटी प्लॉन, इंटर स्टेट बस टर्मिनल, पार्किंग पालिसी की डीपीआर बनाए जाने के लिए सीएफए केंद्र शासन के तहत 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जा रही है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा नोमिनेशन आधार पर योजना और वास्तुकला विद्यालय भारत सरकार से कार्य कराने का अनुमोदन दिया गया है। कंपनी के कार्यों के लिए नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी का वेतन भुगतान कंपनी मद से होने वाली आय से किए जाने के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर नगर निगम आयुक्त को अधिकृत किया गया है। कंपनी के कार्यों के लिए इंटरनल ऑडिट कराए जाने के लिए नगर निगम दर पर नियुक्त किए जाने की स्वीकृति दी गई है। कंपनी के द्वारा जारी 10 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए निविदा जारी की गई थी। जिसमें संशोधन प्रस्ताव को अनुमोदन दिया गया है और चार्जिंग अधोसंरचना के लिए एआईसीटीएसएल इंदौर की परिवहन कंपनी अनुसार संशोधन किये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। बैठक में बताया गया कि बस संचालक नसीम ट्रांसपोर्ट द्वारा कटनी से निवार बड़वारा मार्ग सूत्रीकरण के लिए आवेदन लगाए गए है, जिसे सूत्रीकरण करने के लिए कंपनी के अध्यक्ष कलेक्टर द्वारा संभागीय आयुक्त जबलपुर को प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कटाएघाट मोड़ पर संचालित सिग्नल को नवीन ब्लैक स्पॉट स्थल बिलहरी मोड पर लगाए जाने के लिए ट्रैफिक यातायात पुलिस से समन्वय कर स्थापित किए जाने प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में कंपनी की डायरेक्टर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, मैनेजिंग डायरेक्टर और नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, डायरेक्टर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल, कार्यपालन यंत्री असित खरे, डायरेक्टर सुनील सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेष गुप्ता उपायुक्त, मुख्य संचालन अधिकारी योगेश पवार, मैनेजर फाइनेंस श्रीकांत तिवारी, बस संचालक नसीम ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिक बस संचालक राकेश कुमार योलो बस सर्विसेस दिल्ली की उपस्थिति रही। सिटी संचालन से लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। आसपास के क्षेत्रों में जाने वालों की परेशानी में कमी आएगी।

82 लाख से अधिक लागत से होगा नाले के निर्माण

महापौर के मुख्य अतिथ्य में कराया गया भूमिपूजन

नवभारत, कटनी। शहर के विकास को गति देने और वार्ड स्तर पर आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अंबेडकर वार्ड में 82 लाख 70 हजार की लागत से आरसीसी नाला निर्माण कार्य और 8 लाख 57 हजार की लागत से विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण सहित कवरिंग कार्य का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद संतोष शुक्ला, एमआईसी सदस्यों की मौजूदगी में कराया गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों के पूरा हो जाने से क्षेत्र में जल निकासी की पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा। साथ ही नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता को ध्यान में रखकर निर्धारित समय में कार्य पूरा कराने के लिए कहा है। क्षेत्रीय पार्षद संतोष शुक्ला ने बताया कि यह कार्य वार्डवासियों की लंबे समय से लंबित मांग थी, जो अब पूरी हो रही है, जिससे वार्ड नागरिकों को जल निकासी की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद शशिकांत तिवारी, शकुंतला सोनी सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रही। विकास कार्य होने से क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं मिलेंगी।

एक नजर में

महिला आवेदिकाओं के लिए तीन को लगेगा रोजगार मेला

नवभारत, कटनी। मप्र शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में 3 दिसंबर को सिर्फ महिला आवेदिकाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले द्वारा टाटा इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी कृष्णागिरी तमिलनाडु कम्पनी द्वारा टेक्नीकल ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मोबाईल एसेम्बलर, एसेमबिल आपरेटर पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि 18 से 30 साल की आयु सीमा की 10वीं पास, 12 वीं आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक स्नातकोत्तर उत्तीर्ण महिलाएं जिन्हें इंगलिश पढ़ना और लिखना आता हो आवेदन के लिए पात्र है। कार्यस्थल बैंगलोर से 25 किमी दूर रहेगा। चयनित आवेदिकाओं के लिए कंपनी में कार्य की अवधि 8 घंटे और कार्य 3 शिफ्ट में होता है। साल में 30 दिन का अवकाश रहेगा। वेतन के रूप में 19 हजार 143 रूपए फन्ड और बीमा कटौती के बाद 14 हजार 485 रुपए दिया जाएगा। साथ ही पीएफ, ईएसआईसी, फ्री भोजन और रहने की व्यवस्था, फ्री टान्सपोटेशन, बीमा बैंगलोर जाने के लिए टिकट फ्री चयन के बाद सुविधा दी जाएगी। इच्छुक महिला आवेदक अंकसूची, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, 4 फोटो के साथ रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में करा सकती हैं। आवेदन पत्रों का साक्षात्कार 3 दिसंबर को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रूम नंबर 125 जिला रोजगार कार्यालय में 11 बजे से शाम 3 बजे तक लिया जाएगा। ज्वाईनिंग के समय ऑनलाईन पुलिस व्हेरिफिकेशन देना आनिवार्य होगा।

1 दिसंबर से होगी धान खरीदी

नवभारत, कटनी। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक धान का उपार्जन किया जाएगा। जिला उपार्जन समिति की अनुसंशा पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन के लिए 86 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए हैं। धान का समर्थन मूल्य 2369 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कार्य के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

सीआरपीएफ जवान के 40 कारतूस चोरी, मचा हड़कंप

जीआरपी ने दर्ज किया मामला, शुरू की गई तलाश

नवभारत, कटनी। चुनाव ड्यूटी से वापस लौट रहे एक सीआरपीएफ जवान की इंसास राइफल के दो लोडेड मैगजीन कटनी के पास ट्रेन से रहस्यमय तरीके से गायब हो गए। मैगजीन में 40 गोलियां भरी थीं। घटना सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। खोजबीन के दौरान पुलिस ने दोनों मैगजीन तो झाड़ियों से बरामद कर ली हैं, लेकिन उनमें भरी 40 गोलियां गायब हैं। इससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ गई है, सूत्रों के अनुसार, बिहार से कच्चे कुडा जा रही एक स्पेशल ट्रेन में सुरक्षा में बड़ी लापरवाही सामने आई है। बिहार में चुनाव ड्यूटी पूरी कर लौट रहे सीआरपीएफ जवान की दो लोडेड मैगजीन अचानक चोरी हो गईं। जीआरपी उपनिरीक्षक अनिल मरावी ने बताया कि घटना उस समय हुई जब ट्रेन कटनी लमतरा और अधारकाप के बीच आउटर पर खड़ी थी। इसी दौरान किसी ने मैगजीन चोरी कर ली है। चोरी की सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और सिटी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की गई। कुछ समय बाद दोनों मैगजीन झाड़ियों में मिलीं, लेकिन 40 कारतूस कोई लेकर चला गया है। इतनी अधिक संख्या में कारतूस का गायब होना सुरक्षा लिहाज से बेहद संवेदनशील हो गया है। जीआरपी ने महिला सीआरपीएफ जवान अस्वार प्रतिज्ञा सुधाकर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और प्रकरण की विवेचना की जा रही है। जीआरपी की टीम गायब 40 कारतूस की तलाश कर रही है। मैगजीन चोरी करने वालों की पहचान के लिए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मामले की की गंभीरता को देखते हुए सिटी पुलिस अधिकारी और आरपीएफ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच तेज कर दी गई है। फिलहाल पुलिस चोरी हुई गोलियों के संभावित इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए हर एंगल से जांच कर रही है। संदिग्धों से पूछताछ कर कारतूस के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है, फिलहाल कारतूस के संबंध में पुलिस के पास कोई सुराग नहीं है, अधिक संख्या में कारतूस चोरी होने से हड़कंप मचा हुआ है।

डेढ़ घंटे तक कमरे में डिजीटल अरेस्ट रहे डॉक्टर और उनकी पत्नी

साइबर सेल में दर्ज कराई गई शिकायत

नवभारत, कटनी। शहर में डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। डिजीटल अरेस्ट का शिकार आजाद चौक निवासी डॉ हजारीलाल गुप्ता उनकी पत्नी को बनाया गया। हालांकि डिजीटल अरेस्ट करने वाले ठग अपने ठगी के उद्देश्य में सफल नहीं हुए। डॉक्टर के बेटे की सूझबूझ और जागरूकता ने अपने पिता को डिजीटल अरेस्ट किए जाने वाले फ्रॉड से बचा लिया। डॉक्टर और उनकी पत्नी करीब डेढ़ घंटे तक डिजीटल अरेस्ट रहीं। जानकारी के अनुसार डॉ. गुप्ता के मोबाइल पर नंबर 6913516533 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम इंस्पेक्टर कुशल सिंह बताते हुए कहा कि वे ट्रस्ट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी दिल्ली से बोल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ दिन पहले हुए बम विस्फोट में पकड़े गए आरोपी डॉ. अमर अल्वी के ठिकाने से जो 140 संदिग्धों की सूची मिली है, उसमें डॉ. गुप्ता का भी नाम है। उन्होंने कहा आपके नाम की सिम का आतंकियों ने दुरुपयोग किया है। यह सिम मुंबई बांद्रा की एक दुकान से खरीदी गई है। यदि आप सहयोग नहीं करेंगे तो आपको जेल जाना पड़ेगा। इसके बाद ठग ने उनका पूरा पता, परिवार में कौन-कौन हैं, यह जानकारी लेकर तत्काल कमरे में बंद होने का दबाव बनाया। कुछ ही मिनट बाद डॉक्टर को नंबर 9332893852 से वीडियो कॉल आया। कॉल पर मौजूद व्यक्ति ने स्वयं को वरिष्ठ अधिकारी बताया और कहा कि उन्हें बचाने के लिए एनआईसी से सुरक्षा प्रमाणपत्र बनाना होगा, जिसके लिए उनके बैंक खातों और आधार कार्ड की जानकारी आवश्यक है। डर में डॉक्टर ने एक बैंक खाते में 10 लाख रुपए होने की जानकारी दे दी, आधार कार्ड का विवरण भी साझा कर दिया। इसके बाद ठग उनके मोबाइल पर आने वाले ओटीपी मांगने लगे, ताकि रकम निकाल सकें। इसी दौरान डॉक्टर के बेटे का फोन आया। बातचीत के दौरान बेटे ने मां की घबराहट को महसूस किया और तत्काल कटनी में रहने वाले अपने परिचित अभय त्रिसोलिया और अन्य दोस्तों को घर भेजा। लोग जब घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। बहुत देर तक आवाज देने और दरवाजा पीटने के बाद डॉ. गुप्ता ने दरवाजा खोला। अभय त्रिसोलिया ने तत्काल डॉक्टर के हाथ से फोन लेकर कॉल बंद किया और मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। बेटे की समझदारी से लाखों की संभावित साइबर लूट की वारदात होने से बच गई। घटना के बाद डॉक्टर दंपत्ति गहन सदमे में हैं। उन्होंने पूरी घटना की लिखित शिकायत साइबर सेल में दर्ज कराई। सुरक्षा के तौर पर सभी बैंक खातों को भी लॉक करा दिया गया है। इस हाई-प्रोफाइल डिजिटल अरेस्ट मामले ने कटनी शहर, खासकर चिकित्सक समुदाय में चिंता बढ़ा दी है। साइबर अपराधियों द्वारा नई-नई तकनीकों से लोगों को फंसाने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसा होने पर कॉल को तत्काल डिस्कनेक्ट कर साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

किसानों को आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में मिलेगी यूरिया खाद

जिले के लिए भेजी गई नीम कोटेड यूरिया खाद

नवभारत, कटनी। वर्तमान में रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की दो और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 1652 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। इसके पूर्व यूरिया और एनपीके खाद की 4 रैक 12 नवंबर को झुकेही रैक प्वाइंट पर आई थी। इससे 2690 मीट्रिक टन यूरिया और 1550 मीट्रिक टन एनीपीके सहित 4240 मीट्रिक टन उर्वरक मिली थी। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है।

जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिए हैं। कृषि उपसंचालक ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 362 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 210 मीट्रिक टन, मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 120 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जाएगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 450 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी और सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 55-55 मीट्रिक टन यूरिया, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 50-50 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। एमपी एग्रो कटनी को 100 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जाएगी।

माध्यमिक स्कूल के छात्रों को बांटी गई स्वेटर

ठंड से बचने के लिए समाजसेवियों ने की पहल

नवभारत, उमरियापान। क्षेत्र में सामाजिक कार्यों से अपनी पहचान रखने वाले समाज सेवी भी जरूरतमंद लोगों को की मदद कर उन्हें गर्म कपड़े बांट रहे हैं, ताकि वे कड़ाके की ठंड से बच सके। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला मुखास में गुरुवार को समाज सेवी नेहा सिंगोतिया और समाज सेवी सोनल निषाद द्वारा सभी छात्राओं को स्वेटर वितरित किया गया है। गर्म कपड़े मिलने से बच्चे ठंड से बच सकेंगे।

सरकारी जमीन पर गांव के ही दबंगों ने किया कब्जा

कलेक्टर से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

नवभारत, उमरियापान। ढीमरखेड़ा विकासखंड के सिलौंडी से समीपवर्ती ग्राम पंचायत नेगाई में राज्स्व विभाग की लगभग 250 एकड़ भूमि शासकीय रिकार्ड में दर्ज है । जिसमें चरनोई की भी शामिल है। इस भूमि पर गांव के दबंग लोग कब्जा कर कृषि कार्य कर रहे है। शासन की आवश्यक योजनाओं के क्रियावन के लिए जैसे गौशाला, कृषि उपज मण्डी, बस स्टैंड, नर्सरी बनाने भूमि की मांग की जा रही है। प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए निरीक्षण भी कर लिया है। लेकिन अभी तक अतिक्रमण नहीं हटवाया गया है। वर्तमान में सरकारी धान खरीदी स्थल पर भी ग्राम के दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस मामले में कलेक्टर की जनसुनवाई के दौरान शिकायत की गई थी। लोगों ने की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी, लेकिन अभी तक कोई भी करवाई नही की गई है। अभी भूमि पर दबंगों का कब्जा बना हुआ है।

आधा दर्जन से भी अधिक गांव में दबिश देकर जब्त की गई शराब

आबकारी विभाग की टीम ने की कार्रवाई, दस मामले दर्ज

नवभारत, कटनी। जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, विक्रय और परिवहन पर रोक लगाए जाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के दिए निर्देश के आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई का अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि अभियान में के तहत वृत्त स्लीमनाबाद के अंतर्गत ग्राम नैगवा, शंकर भटिया तेवरी, डुंगरिया, हरदुआ, सिहुड़ी में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 24 लीटर हाथ भट्टी शराब, 360 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर जप्त किया गया। कार्रवाई के दौरान सात लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी की टीम द्वारा एक अन्य कार्रवाई में विजयराघवगढ़ वृत के ग्राम सिंगौड़ी, खिरवा, फूटहाटोला में दबिश के दौरान 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई और आबकारी एक्ट के तहत ती मामले दर्ज किए गए हैं। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, मंशा राम उइके, प्रवीण रतन बरकड़े आबकारी वृत विजयराघवगढ़ प्रभारी, आबकारी उप निरीक्षक केशव उइके , वृत स्लीमनाबाद प्रभारी, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, आबकारी उपनिरीक्षक आंचल प्रजापति सहित अन्य आबकारी स्टाफ की भूमिका रही। जिला आबकारी अधिकारी ने बताय कि कार्रवाई का यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि अवैध शराब पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

प्रशिक्षण नगर निगम की फायर ब्रिगेड की टीम ने स्कूल में दिया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण , छात्रो को दी गई आपदा प्रबंधन की जानकारी

घबराहट से बचना, मजबूत सूचना प्रणाली और टीम वर्क से करें आपदा की स्थिति में प्रबंधन

नवभारत, कटनी। आगजनी से संबंधित परिस्थितियों में सुरक्षित और सक्षम व्यवहार अपनाने के लिए नगर निगम फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों और स्टाफ को फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण दिया गया। फायर टीम ने अग्नि सुरक्षा मानकों,आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण की शुरूवात में विशेषज्ञों ने आग लगने के प्रमुख कारणों जैसे इलेक्ट्रिकल ओवरलोड, शॉर्ट सर्किट, गैस लीक, ज्वलनशील पदार्थों की असावधानी पूर्वक हैंडलिंग सहित आग लगने के अन्य कारणों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान शुरुवाती लक्षणों को पहचान कर आकस्मिक दुर्घटनाओं रोकने की जानकारी दी गई। साथ ही इमरजेंसी निकास मार्ग, सुरक्षित एकत्रीकरण बिंदु, तत्कालिक सूचना प्रणाली के महत्व बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशामक यंत्रों का उपयोग कर प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षकों ने ड्राई पाउडर, फोम, सीओ2 सिलेंडर जैसे उपकरणों की कार्यप्रणाली और उनके उपयुक्त उपयोग की परिस्थिति समझाते हुए पास तकनीक, पिन खींचना, लक्ष्य साधना, हैंडल दबाना की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्राथमिक उपचार की मूलभूत जानकारी भी दी, जिसमें जलने की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले कदम, सहायता बुलाने की विधि, सुरक्षित दूरी बनाए रखने के नियम शामिल थे। साथ ही बताया गया कि आपात स्थिति में घबराहट से बचना, सूचना श्रृंखला को सही क्रम में सक्रिय करना और टीमवर्क के साथ कार्य करना आवश्यक है। गौरतलब है कि नगर निगम की फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा कटनी डिग्री कॉलेज में चल रहे एनसीसी कैंप के दौरान भी फायर सत्र का आयोजन कर अग्नि सुरक्षा मानकों, आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव तकनीकों की जानकारी फायर बिग्रेड के प्रशिक्षित दल द्वारा दी गई। नगर निगम प्रशासन द्वारा आगामी समय में नगर के अन्य स्कूलों, औद्योगिक क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर इस तरह के प्रशिक्षत्र सत्र आयोजित किए जाएगें। विद्यालय प्रबंधन ने फायर सेफ्टी प्रशिक्षण को विद्यालय की वार्षिक सुरक्षा नीति का अभिन्न अंग बताते हुए निगम प्रशासन के आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम से बच्चों में न सिर्फ जागरूकता बढ़ती हैं, बल्कि उन्हें जीवनरक्षक कौशलों की भी जानकारी मिलती है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान नगर निगम फायर इंचार्ज शैलेन्द्र दुबे सहित स्टाफ के सदस्य वीरेंद्र कुमार खरे, ओम दुबे सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

आबादी क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक से लोगों में दहशत

नवभारत, कटनी। जिले के बरही के आबादी क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक से दहशत का महौल है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद कार्यालय के सामने तेंदुए ने एक बछड़े का शिकार किया है। जिसके बाद से क्षेत्र में दहशत फैली है। तेंदुए की दस्तक की सूचना वन विभाग और पुलिस को दी गई। जिसके बाद वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर पंकज द्विवेदी, वन रक्षक चंचल पांडे और विपिन शर्मा ने मौके का निरीक्षण किया और तेंदुए को सुरक्षित तरीके से आबादी से बाहर निकालने की रणनीति तैयार की गई। तेंदुए को भगाने के लिए वन विभाग और स्थानीय लोगों ने मिलकर तेज आवाज वाले पटाखे फोड़े। अचानक हुई तेज आवाज और भीड़ देखकर तेंदुआ घबरा गया और भागते हुए जंगल की ओर लौट गया। लोगों को सतर्क रहने के लिए भी कहा गया है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024